प्रेस विज्ञप्ति

मगध महिला कॉलेज , पटना

आज दिनांक 25/05/2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे मगध महिला कॉलेज, पटना विश्वविद्यालय, पटना के प्रांगण में 'पूर्ववर्ती छात्राओं का मिलन समारोह' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पटना विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, बिहार सरकार की पूर्व कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ सुखदा पाण्डेय, एम एल सी डॉ. किरण घई, कॉलेज की पूर्व प्राचार्या डॉ जयश्री मिश्रा, डॉ धर्मशीला प्रसाद आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम क़ो सम्बोधित करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) नमिता कुमारी ने स्वागत भाषण में 'एल्मुनाई एशोसियसन' केलिए सभी को बधाई दी जो पिछले साल ही रजिस्टर्ड हुआ है I इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व छात्राओं का स्वागत करते हुए उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद भी दिया |

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कुलपति महोदय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने समय के दिन को याद कर कहा कि मेरी नियुक्ति इसी कॉलेज में हुई थी। मेरी इस कॉलेज से पुरानी यादें जुड़ी हैं। अंग्रेजी विभाग की शिक्षिका डॉ. अर्चना जयसवाल की पुस्तक 'ग्रामर मेड इज़ी' के लोकार्पण के साथ ही एन.सी.सी के वार्षिक रिपोर्ट की भी प्रस्तुति हमारे विश्वविद्यालय के वी.सी. डॉ. के.सी. सिन्हा और प्राचार्या के करकमलों द्वारा हुआ। मुख्य अतिथिण डॉ सुखदा पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस कॉलेज में मेरा ४३ साल बीता है। बहुत सी सुन्दर यादें मेरी यहाँ से जुड़ी हुई हैं|

प्रो. किरण घई ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह कॉलेज हमारा परिवार है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें चुनावी लोकपर्व में मतदान के लिए भी प्रेरित किया| कॉलेज की पूर्व प्राचार्या डॉ. जयश्री मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने कार्यकाल में हुए (1996 ई.) 'स्वर्ण जयंती कार्यक्रम' को याद किया| साथ ही कॉलेज की पूर्व प्राचार्या डॉ. धर्मशिला प्रसाद ने कहा कि ज़िन्दगी में अपनी पहचान बनाओ| इसके साथ ही कॉलेज की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति भी हुई| कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ. प्रीती कुमारी और अंकिता कुमारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की सचिव डॉ. मधु गुप्ता ने किया |